सौगात ▶ जयसिंहनगर में बाईपास का होगा निर्माण, बुड़वा अस्पताल का होगा उन्नयन, गंधिया ग्राम बनेगा धार्मिक आस्था और पर्यटन का केन्द्र

# मुख्यमंत्री ने जयसिंहनगर और ब्यौहारी को दी 767 करोड़ की सौगातें





**नवभारत, शहडोल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब माता शबरी के भक्ति के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाएंगे। विंध्य की पावन भूमि में चित्रकूट में भगवान श्री राम ने वनवास के 11 वर्ष से अधिक का समय बिताया। गंधिया ग्राम में भी भगवान के पावन चरण पड़े और उन्होंने माता शबरी को दर्शन दिए। हमारी सरकार सनातन परंपरा का सम्मान करती है। हम विरासत से विकास की राह प्रसस्त कर रहे हैं। एक हजार साल तक प्रतीक्षा के बाद सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण तब के राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और सरदार पटेल की पहल पर हुआ। आयोध्या, सोमनाथ और उज्जैन हमारी विरासत है। मुख्यमंत्री ने समारोह में 767 करोड़ रूपए की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्याश किया।

मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी मदिर में भगवान राम के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना की। समारोह स्थल में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का परंपरागत आदिवासी शैला नृत्य और करमा नृत्य से स्वागत किया गया तथा परंपरागत आदिवासी पगड़ी पहनाई गई। समारोह में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि त्रेतायुग मे इस भूमि पर भगवान राम के पावन चरण पड़े थे। आज मुख्यमंत्री जी ने शबरी माता की मूर्ति का अनावरण करके तथा विकास की सौगातें देकर क्षेत्र को धन्य कर दिया है। सांसद ने कटनी से ब्यौहारी होते हुए सिंगरौली तक फोरलेन सड़क निर्माण, औद्योगिक केन्द्र की स्थापना, सहित विभिन्न मांगे रखी। समारोह मे विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने मुख्यमंत्री जी को क्षेत्र की विकास की विभिन्न सोगातों के लिए धन्यवाद दिया। समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए विधायक ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल ने कहा कि 70 साल की प्रतीक्षा के बाद यहां मुख्यमंत्री पधारे हैं। मुख्यमंत्री जी ने शहडोल क्षेत्र को सिंचाई सुविधाओं सहित कई सौगातें दी है। सिंचाई सुविधा मिलने ने खेती मे तेजी से विकास होगा विधायक ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई मांगे रखी। मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल पर लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## धनपुरी में नव निर्मित अत्याधुनिक वाटर पार्क का किया लोकार्पण


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले की नगर पालिका धनपुरी द्वारा लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित अत्याधुनिक धनपुरी वाटर पार्क का निरीक्षण किया तथा यहां उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्य नगर पालिका अधिकारी, धनपुरी द्वारा अवगत कराया गया कि धनपुरी वाटर पार्क क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आमजन के मनोरंजन एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वाटर पार्क में स्विमिंग पूल, एक्वा टॉवर, आधुनिक साउंड सिस्टम, रेस्टोरेंट, वाहन पार्किंग व्यवस्था, कॉन्फ्रेंस हॉल एवं बैंक्वेट हॉल जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, अध्यक्ष नगर परिषद बुढार शालिनी सरावगी, अध्यक्ष नगर परिषद बकहो मौसमी केवट, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीरामजी श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 2300 करोड़ की सिंचाई सुविधाएं शहडोल के किसान होगें समृद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि शबरी माता की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान राम ने उन्हें दर्शन दिए और प्रेम के साथ जूठे बेर खाए। भगवान राम ने भीलनी शबरी माता को कौशल्या माता के समान आदर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान ने शहडोल, ब्यौहारी और जयसिंहनगर क्षेत्र को अनुपम प्राकृतिक सौदर्य का उपहार दिया है। यह क्षेत्र माँ नर्मदा का घर है। इस क्षेत्र की विकास के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। बुढ़ार, गोहपारू और जयसिंहनगर माईक्रो सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2300 करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं। इस सिंचाई परियोजना से क्षेत्र का किसान समृद्ध होगा। रीवा शहडोल मार्ग में जयसिंहनगर में बाईपास का निर्माण कराया जाएगा। ब्यौहारी और जयसिंहनगर के बीच औद्योगिक विकास केन्द्र का निर्माण किया जाएगा इससे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बुड़वा स्वास्थ्य केन्द्र का 30 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनता की करतल ध्वनि के बीच गंधिया ग्राम और सीतामढ़ी को धार्मिक, आस्था तथा पर्यटन का केन्द्र बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा की संजय टाईगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ब्यौहारी की ओर नया गेट खोला जाएगा। परीक्षण के बाद आमडीह उप तहसील का तहसील में उन्नयन किया जाएगा। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा, उपाध्यक्ष फूलवती सिंह, जनपद अध्यक्ष जयसिंहनगर मालती सिंह, जनपद अध्यक्ष ब्यौहारी आकांक्षी सिंह, सदस्य जिला योजना समिति अमिताा चपरा, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी सख्या में आम जन उपस्थित रहे। समारोह में कमिश्नर सुरभि गुप्ता, आईजी चैत्रा एन, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानपुर मार्ग पर दर्दनाक हादसा, शिक्षक की मौत



**नवभारत, ब्यौहारी ।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर रोड पर ग्राम कोठिया के समीप शनिवार रात करीब 8 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना में शासकीय शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पार कर रहे शिक्षक को रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक ट्रक को कुछ दूरी पर खड़ा कर फरार हो गया। मृतक की पहचान अजय सिंह (52 वर्ष), निवासी रामनगर के रूप में हुई है। वे ब्यौहारी विकासखंड के माध्यमिक विद्यालय बसही में पदस्थ थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय से अवकाश के बाद शिक्षक अजय सिंह किसी निजी कार्य से ग्राम कोठिया गए थे। इसी दौरान मानपुर से ब्यौहारी की ओर आ रहे रेत से लदे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि शिक्षक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर ब्यौहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर खड़े ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया है। ट्रक में रेत भरी हुई थी, जो वैध है या अवैध, इसकी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी जिया उल हक ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है। उधर, शिक्षक की असामयिक मृत्यु से शिक्षा विभाग सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट के प्रभावित किसानों पर चला पुलिस का डंडा



▶ सीएम के पहुँचने से पहले किया गया गिरफ्तार

**नवभारत, शहडोल।** डॉ. मोहन यादव के शहडोल आगमन और धनपुरी वाटर पार्क के उद्घाटन समारोह से ठीक पहले रामपुर बटूरा मेगा प्रोजेक्ट के प्रभावित किसानों पर पुलिस का डंडा चला है। अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे किसानों को बुढार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## 3 साल से लगातार लगा रहे गुहार

रामपुर बटुरा प्रोजेक्ट से प्रभावित 10 गांवों के किसान पिछले लंबे समय से एसईसीएल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ आंदोलनरत हैं। किसानों का आरोप है कि कोयला उत्खनन के कारण उनके घरों में दरारें आ रही हैं, स्कूल जर्जर हो चुके हैं और 3 साल बीतने के बाद भी न तो स्थायी रोजगार मिला है और न ही उचित पुनर्वास हुआ है।8 फरवरी को मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान समाजसेवी भूपेश शर्मा के नेतृत्व में किसान अपनी व्यथा सुनाने और ज्ञापन देने की योजना बना रहे थे। लेकिन प्रशासन ने 'सुरक्षा कारणों' का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले ही प्रमुख किसान नेताओं और ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया है।


## मुख्यमंत्री को किसान नहीं सुना सके अपनी व्यथा

बुढ़ार पुलिस द्वारा की गई इस गिरफ्तारी ने स्थानीय राजनीति में उबाल ला दिया है। जनपद सदस्य चंद्र कुमार तिवारी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने इसे 'लोकतंत्र की हत्या' करार दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन जनता की आवाज को दबाकर केवल 'सब कुछ ठीक है' वाली तस्वीर पेश करना चाहता है। ग्रामीणों की मुख्य मांग जर्जर प्राथमिक स्कूल को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की थी, जो खदान के धमाकों से कभी भी गिर सकता है। एसईसीएल पर आरोप है कि उसने केवल जमीनें लीं, लेकिन बुनियादी सुविधाएं और रोजगार देने के वादे भूल गया।शांतिपूर्ण प्रदर्शन की तैयारी कर रहे अन्नदाताओं को हिरासत में लेकर पुलिस ने सीएम के कार्यक्रम को निर्विघ्न बनाने की कोशिश की। जबकि किसान अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखना चाह रहे थे।

# कांग्रेसियों ने सीएम के काफिले को दिखाया काला झंडा

▶ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता गिरफ्तार





**नवभारत, शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शहडोल और धनपुरी दौरे के दौरान जिले में भारी सियासी सरगर्मी देखने को मिली। एक ओर जहाँ प्रशासन विकास कार्यों के लोकार्पण की तैयारी में था, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया। शांति भंग करने और मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने के प्रयास में पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में व्यवधान डालने और सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व नियोजित तरीके से काले झंडे दिखाने की रणनीति बनाई थी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को इसकी भनक लगते ही बुढार और धनपुरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। जैसे ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के काफिले या कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ने की कोशिश की, पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री जी के गरिमामय कार्यक्रम में व्यवधान डालने और शांति भंग करने की कोशिश की जा रही थी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी कार्यक्रम में अव्यवस्था फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# नौकरी के साथ बीएड की पढ़ाई कर रहा था सुदीप्त चौधरी

▶ अतिथि विद्वान पर दोहरी भूमिका निभाने का आरोप



**नवभारत, गोहपारू ।** शासकीय महाविद्यालय गोहपारू में पदस्थ अतिथि विद्वान सुदीप्त चौधरी पर सेवा नियमों के उल्लंघन का गंभीर आरोप सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सुदीप्त चौधरी शासकीय महाविद्यालय गोहपारू में नौकरी करते हुए स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, कल्याणपुर से बी.एड. की पढ़ाई भी कर रहे थे और इस दौरान नियमित रूप से वेतन भी प्राप्त कर रहे थे। इस प्रकार वे एक साथ दो जिम्मेदारियों में संलिप्त पाए गए।

मामले की जानकारी मिलते ही शासकीय महाविद्यालय गोहपारू के प्राचार्य ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, कल्याणपुर को पत्र लिखकर उपस्थिति पत्रक की मांग की है। साथ ही सुदीप्त चौधरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूरे प्रकरण की सूचना उच्च शिक्षा विभाग भोपाल को भी भेजी गई है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों का कहना है कि संबंधित अतिथि विद्वान समय पर महाविद्यालय नहीं आते थे और नियमित रूप से कक्षाएं भी नहीं लेते थे। छात्रों के अनुसार, वे अक्सर महाविद्यालय के स्टाफके खिलाफविद्यार्थियों को भड़काने का प्रयास करते थे, जिससे संस्थान का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा था।बताया जा रहा है कि सुदीप्त चौधरी द्वारा किया गया कृत्य शासन के सेवा नियमों के प्रतिकूल है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी उन्हें कई बार कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। फिलहाल मामला जांचाधीन है और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है।



# पुरातत्व संस्था की बाल ब्रान्ड एम्बेसडर बनी आराध्या

**नवभारत,जबलपुर।** कला, संस्कृति, शिक्षा, पर्यावरण,इतिहास एवं पुरातत्व आदि विविध क्षेत्रों में क्रियाशील संस्था हावी एंड कलेक्शन द्वारा पुरातत्व सामग्री संचय को प्रोत्साहन देने के लिए विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी कु.आराध्या तिवारी प्रियम को बाल एम्बेसडर मनोनीत करते हुए उनको प्रमाणपत्र, मेडल प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभात साहू पूर्व महापौर थे। अध्यक्षता राजेश पाठक प्रवीण ने की। संगोष्ठी का आयोजन सोनाली मढ़ाताल में किया गया। मुख्य अतिथि प्रभात साहू ने कहा की पुरातत्व की सामग्री हमारे इतिहास की धरोहर हैं। पुरातत्व के क्षेत्र में प्रियम द्वारा किये जा रहे कार्य बच्चों को प्रेरणा देंगे। अध्यक्षता कर रहे राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि डॉ राजकुमार सुमित्र की विरासत को प्रियम आगे बढ़ा रही हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम सब लुप्त होती धरोहर को बचाने प्रयास करें। पुरानी सामग्रियों के संचयन तत्कालीन समय की जानकारी मिलती है।समारोह में राजेन्द्र मिश्रा,विजय नेमा,राजीव गुप्ता,प्रतिमा अखिलेश,डॉ. सलमा जमाल,डॉ.मुकुल तिवारी,रजनी कोठारी,प्रभा शील, ने भी विचार व्यक्त किये।संचालन संतोष नेमा संतोष एवं आभार संस्था के अध्यक्ष सत्यनारायण सेन ने व्यक्त किया। समारोह में प्रीति नामदेव, वंदना सोनी,ज्योति प्यासी, अनुदित साज, सुवीर श्रीवास्तव, दिवाकर शर्मा, महेश स्थापक,रमाकान्त गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया।

# देश-विदेश के विशेषज्ञ सर्जनों ने साझा किया ज्ञान

▶ केनियों मेक्सिलोफेशियल सर्जरी की 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन



**नवभारत,जबलपुर।** इंडियन एकेडमी ऑफ मेक्सिलोफेशियल सर्जरी एवं हितकारिणी डेन्टल कॉलेज एवं जबलपुर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का उदघाटन राज्यसभा सदस्य श्री विवेक कृष्ण तन्खा एवं लेफ्टिनेंट जनरल एन. के. साहू, अध्यक्ष ऑडिट एवं एकिडिटेशन काउंसिल, राष्ट्रीय डेंटल आयोग के विशेष आतिथ्य में हुआ। मुंबई से वरिष्ठ सर्जन डॉ. जे. एन. खन्ना, अमेरिका से डॉ. जी. ई. घाली और डॉ. रौस ब्रौकमेन, तथा पूर्व सेक्रेटरी राष्ट्रीय डेंटल आयोग मेजर जनरल डॉ. पी. एन. अवस्थी की उपस्थिति रही। कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिक सत्र में देशभर के विशेषज्ञों ने दुर्घटना से चेहरे और सिर की हड्डियों के इलाज तथा विकलांगता के पुनर्निर्माण की आधुनिक विधाओं पर चर्चा की।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे, सचिव डॉ. संयोग पाठक, और आयोजक महासचिव डॉ. राजेश धीरावाणी ने बताया कि लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हैं।7 और 8 फरवरी को चयनित मरीजों का ऑपरेशन डॉ. घाली एवं डॉ. खन्ना की टीम द्वारा किया जाएगा, जिसे सभागार में बड़े पर्दे पर देखा और प्रश्नोत्तर किया जा सकेगा। हितकारिणी सभा के बाबू विश्वमोहन और जबलपुर हॉस्पिटल के निदेशक प्रकाश धीरावाणी ने इस कार्यशाला को मानवता सेवा और वैज्ञानिक ज्ञान के आदान-प्रदान का अनूठा प्रयास बताया।



# संगठन विस्तार और आगामी आयोजनों पर हुआ मंथन

▶ अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महासचिव सुनील श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।

बैठक में आगामी माह में प्रस्तावित सामाजिक व संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डा. शरद श्रीवास्तव, बच्चन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, रितेश श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, एस.एन. श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, नीना श्रीवास्तव, डा. सोनल खरे, प्रभा श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, भावना खरे, रजनी श्रीवास्तव, शालिनी निगम, राधा खरे, प्रियंका श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव एवं वीना श्रीवास्तव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नवनीत श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला महासचिव बच्चन श्रीवास्तव द्वारा किया गया।